**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**PRE MID TERM EXAM. (2025-26)**
**HINDI (085)**

Class: VIII — Duration : 1.00 Hrs
Date : 02.08.2025 — Max. Marks: 25
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 9 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूपम् -

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित पद्यांश | 05 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरण | 10 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 05 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 05 अङ्क |

---

खण्ड 'क' : अपठित पद्यांश (5 अंक)

प्रश्न 01 पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (अंक 5)

मत कहो कि वह ऐसा ही था,
मत कहो कि इसके सो गवाह;
यदि सचमुच ही वह फिसल गया
या पकड़ी उसने गलत राह
तो सख्त बात से नहीं,
स्नेह से कम जरा लेकर देखो;
अपने अंतर का नेह अरे
थोड़ा सा तो देकर देखो ।
कितने भी गहरे रहें गर्त,
हर जगह प्यार जा सकता है ,
कितना भी भ्रष्ट जमाना हो,

हर समय प्यार भा सकता है ;
जो गिरे हुए को उठा सके
इससे प्यारा कुछ जतन नहीं ,
दे प्यार उठा पाए न जिसे
इतना गहरा कुछ पता नहीं ।

(1) "सख्त बात" से कवि का क्या अभिप्राय है?
(क) कठोर सत्य (ख) प्रेमपूर्ण सलाह
(ग) कटु व कठोर शब्द (घ) प्रेरणादायक वाक्य

(2) "अपने अंतर का नेह देने" का क्या अर्थ है?
(क) कठोर व्यवहार करना (ख) दूसरों से दूरी बनाना
(ग) दिल से प्रेम दिखाना (घ) सच्चाई छुपाना

(3) कविता के अनुसार गहरे गर्त में भी क्या जा सकता है?

(क) न्याय (ख) प्रेम

(ग) क्रोध (घ) भय

(4) "पतन" का कविता के आधार पर विलोम क्या होगा?

(क) विरोध (ख) असफलता

(ग) दंड (घ) उत्थान

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण ( R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए।उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) हमें किसी में दोष नहीं खोजना चाहिए।

कारण ( R) दोषी व्यक्ति को सुधारने के लिए कठोर बनना चाहिए।

(क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत हैं।

(ख) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

(ग) कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन कथन A की सही व्याख्या करता है।

## खण्ड 'ख' : व्याकरण (10 अंक)

प्रश्न 02 प्रत्यय एवं उपसर्ग पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2 अंक)

(1) रंगीला शब्द से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग कीजिए

(2) प्र उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाइए

प्रश्न 03 विलोम पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2 अंक)

(1) परिचित शब्द का विलोम शब्द लिखिए

(2) सकारात्मक शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

प्रश्न 04 पर्यायवाची पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2 अंक)

(1) रात शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

(2) शत्रु शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

प्रश्न 05 कारक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2 अंक)

(1) राम ने चित्र बनाया | इस वाक्य से कारक पहचान कर अलग करते हुए कारक का नाम लिखिए |

(2) करण कारक तथा अपादान कारक में अंतर बताइए

प्रश्न 06 मुहावरे पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2 अंक)

(1) 'पीला पड़ना' मुहावरे के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(2) 'अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना' मुहावरे के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

## खण्ड 'ग' : पाठ्यपुस्तक (5 अंक)

प्रश्न 07 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए – (कोई एक) (2 अंक)

(1) जानसी क्या गिन रही थी और क्यों ?

(2) जानसी का क्या सपना था?

प्रश्न 08 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए -(कोई एक) (3 अंक)

(1) नवंबर के महीने में क्या हुआ था और उसका जानसी पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(2) जानसी को क्या आभास हो रहा था? क्या वह उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम था?

## खण्ड 'घ' : लेखन (5 अंक)

प्रश्न 09 कक्षा में देरी से आने पर अध्यापक और छात्र के बीच लगभग 50 से 60 शब्दों में संवाद लिखिए | (5 अंक)

========================== समाप्त ==============================